## खबर संक्षेप

### 129 मरीजों की जांच, 40 मोतियाबिंद व 40 दृष्टि दोष से ग्रसित

**मण्डला।** नारायणगंज ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में सीबीएमओ डॉ. एएल कोल के मार्गदर्शन में मोतियाबिंद से पीड़ित समेत अन्य नेत्र रोग मरीजों के लिए निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 129 मरीजों का जांच परीक्षण नेत्र चिकित्सा सहायक जयकरण चौधरी और सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय की मेडिकल टीम द्वारा किया गया। आयोजित नेत्र रोग शिविर में 40 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए ओर 40 मरीज दृष्टि दोष के मिले। दृष्टि दोष के मरीजों का जांच परीक्षण के बाद उन्हें आवश्यकता अनुसार चश्में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा दिया गया। इसके साथ मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकोट में किया जाएगा। जानकारी अनुसार सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकोट द्वारा मापंदड अनुसार अत्याधुनिक तकनीक से नेत्र रोगियों का परीक्षण, उपचार व आपरेशन किया जाता है। उपचार, आपरेशन, परिवहन, भोजन, औषधियां व चश्मों की निःशुल्क सुविधा मरीजों को दी जाती है। इसी तारतम्य में नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को नेत्र रोग संबंधित शिविर आयोजित किया गया। जहां 129 मरीजों की जांच की गई। जांच परीक्षण में 40 मरीज मोतियाबिंद, 40 मरीज दृष्टि दोष और शेष मरीज अन्य नेत्र रोग से पीड़ित मिले। जिन्हें सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय की मेडिकल टीम और नेत्र चिकित्सा सहायक जयकरण चौधरी द्वारा जांच, परीक्षण किया गया। इसके बाद चित्रकोट में निःशुल्क ऑपरेशन कर लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा।

## भाजपा कार्यालय में केबिनेट मंत्री की पत्रकारों से चर्चा

# स्वच्छ सुंदर शहर बनाने हम कृत संकल्पित

*** अतिक्रमण एवं पार्किंग पर भी चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वास जताते हुए स्पष्ट जनादेश दिया है, क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भरोसा किया है निश्चित रूप से मण्डला शहर को स्वच्छ सुंदर विकसित बनाने के लिए हम कृत संकल्पित हैं यह हमारा सौभाग्य है कि मण्डला प्राकृतिक रूप से सुंदर है, लेकिन शहर की बढ़ती आबादी के कारण भविष्य के लिए अनेक जन समस्याएं बढ़ने की संभावना है, इसको दृष्टिगत रखते हुए शहर विकास के कार्यों के लिए आम नागरिकों एवं मीडिया के सुझाव को लेकर कार्ययोजना तैयार कर मण्डला शहर को एक आदर्श शहर बनाने का हम प्रयास करेंगे। प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने तय किया है कि शहर के रोजगार मूलक विकास एवं जनसुविधा को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्व तरीके से पूरा करें। उक्त आशय के उदगार भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित मीडिया के साथ हुई चाय पर चर्चा में मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, नगर अध्यक्ष अनुराग चौरसिया सहित जिले के पत्रकार गण उपस्थित थे।



पत्रकारों के साथ हुई चाय पर चर्चा में श्रीमती उइके ने कहा कि मण्डला शहर का विकास होगा तो रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे इसलिए उदय चौंक की पुरानी खाई का विकास और सौंदर्यीकरण छोटे रपटा पुल का सौंदर्यीकरण नर्मदा जी के घाटों का सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्य हमारी प्राथमिकता में हैं हाल ही में जिला चिकित्सालय में आम जनता की सुविधा के लिए 10 बिस्तर वाला आई.सी.यू. यूनिट लोकार्पित किया गया है जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सुविधा बढ़ाई गयी है। कायाकल्प योजना के तहत मण्डला नगर की सड़कों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इन कार्यों में गुणवत्ता की कमी की शिकायत मिली है उसे समय पर पूर्ण किया जायेगा साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण करने की योजना तैयार की गयी है शहर के हर चौराहे को विकसित करने की योजना है। मण्डला नगर में एल.आई.सी.के पास नया तहसील कार्यालय आम जनता की सुविधा के लिए शीघ्र ही समर्पित होगा तथा नये कलेक्टर भवन निर्माण की योजना भी तैयार की जा रही है ज्ञानदीप स्कूल के सामने शासकीय भवन की भूमि में चौपाटी, कार पार्किंग, व्यावसायिक मार्केट आदि निर्माण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है बस स्टेंड को नगर से बाहर शिफ्ट करने की योजना है साथ ही ऑटो रिक्शा स्टेंड शासकीय बस स्टैंड में निकट भविष्य में बनाया जायेगा। इस अवसर पर पत्रकारों ने नगर में बढ़ते अतिक्रमण एवं यातायात की अव्यवस्था को लेकर उनके समाधान के लिए सुझाव दिये उन्होंने बताया कि नगर के सभी मुख्यमंत्री आरोग्य केंद्र बंद पड़े हैं यदि ओपीडी शीघ्र चालू होगी तो मरीजों को चिकित्सा सुविधा सहज उपलब्ध हो सकेगी। पत्रकार भवन, खेल परिसर नगरपालिका की दुकानों का नवीनीकरण मैरिज गार्डन में पार्किंग की व्यवस्था, कटरा से बिंझिया तक रोड का चौड़ीकरण जेल, वनवासी सेवा मण्डल उद्यानकी विभाग की लंबी चौड़ी जमीन का शहर के विकास के लिए समीक्षा करना तथा मण्डला नगर की सीवर लाईन तथा स्वच्छता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। वहीं सुभाषचंद्र वार्ड में लगभग 70 वर्षों से निर्मित मध्यप्रदेश वेयर हाउस कार्पोरेशन के गोदामों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की गयी।

## मंत्री संपतिया उइके ने एकादशी के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने बुधवार को एकादशी के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फॉरेस्ट रेस्ट हाउस मंडला में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम लगाकर इस अभियान में सभी नागरिक, विभागें, समाजसेवी और स्वयंसेवी संस्थाएं शामिल हुई हैं। जिससे प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान में एक पेड़ मां के नाम पर अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाएं और उसकी सुरक्षा भी करें, जिससे वह पेड़ बड़ा होकर फल दे सके। मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में पौधे लगाने का संकल्प लिया है। सभी नागरिक इस अभियान में शामिल होकर एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में नर्मदा नदी के तट के किनारे भी वृक्षारोपण किया जाएगा। नर्मदा नदी के तटों को साफ-सुथरा रखने के लिए सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत नर्मदा नदी के तटों के किनारे साफ-सफाई की जाती है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि नर्मदा नदी के जल को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए गंदा पानी नर्मदा नदी में प्रवाहित न करें। नर्मदा नदी में पॉलीथीन व कूड़ा करकट न डालें या पूजन सामाग्री विसर्जन न करें। जिससे नर्मदा नदी का जल साफ एवं स्वच्छ बह सके।

### महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि महिलाओं के लिए स्वरोजगार स्थापित करने के लिए वन विभाग के द्वारा सिलाई, कढ़ाई और बुनाई सीखने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए महाराजपुर में ट्रेनिंग सेंटर खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 महिलाओं का चयन किया जाएगा, उन्हें प्रशिक्षित करने के बाद पुनः 100 महिलाओं का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं के लिए स्वरोजगार स्थापित कर सके। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को रोजगार मिले इसके लिए उन्हें स्कूल ड्रेस, गॉरमेंट्स के कपड़े, विभागों के कपड़े इत्यादि सिलाने का काम दिया जाएगा।

# 250 करोड़ खर्च कर 265 गाँवों तक पहुंचेगा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि 250 करोड़ की लागत से नलजल योजना की डीपीआर तैयार कर बड़ी खैरी से 265 गावों तक घर-घर में पेयजल पहुंचाया जाएगा। इससे अब इन गावों में किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या नहीं होगी। ग्राम बड़ी खैरी में स्वसहायता समूहों की महिलाओं के लिए 12 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इस सामुदायिक भवन में स्व सहायता समूहों की महिलाएं बैठकें लेकर निर्णय ले सकेंगी। मंत्री संपतिया उइके बुधवार को हस्तशिल्प सेवा केन्द्र भोपाल कार्यालय आयुक्त द्वारा संचालित कारीगरों के आर्टिजन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम




परिवर्तन संदेश को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर एसडीएम मंडला जेपी यादव सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्व सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित थी। मंत्री संपतिया उइके के आगमन पर महिलाओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर कलश ज्योति जलाए गए। जय-जय कार के नारे लगाए गए। महिलाओं के द्वारा मंत्री संपतिया उइके को हस्तशिल्प कला सामाग्री प्रदान की गई।

मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि हर महिला में एक कला जरूर होती है, उनकी उसी कला को निखारने में मदद करना हमारा दायित्व है। महिलाओं को उनकी रूचि अनुसार कला से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे अपने कला में पारंगत होकर स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उनका पंजीयन कराया जाएगा और उन्हें पंजीयन कार्ड प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से 5 हजार से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर कार्ड दिए गए हैं, जिससे वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं के समूहों को कम दर पर कच्चा मटेरियल भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे उनका रोजगार बढ़ सके और वे कम लागत पर सामाग्री तैयार कर अधिक मुनाफा कमा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सामाग्री तैयार करने के लिए 5 लाख की लागत की मशीन प्रदान की जाएगी। जिससे महिलाएं मशीन के माध्यम से अधिक से अधिक सामाग्री तैयार कर सकें।

मंत्री संपतिया उइके को ग्राम बड़ी खैरी की महिलाओं ने पेयजल समस्या के बारे में बताया। जिस पर उन्होंने कहा कि ग्राम बड़ी खैरी की पेयजल की समस्या का निपटारा दो दिन में करा दिया जाएगा। बड़ी खैरी के सड़क मरम्मत का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। जिससे बड़ी खैरी के नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने महिलाओं की मांग पर नर्मदा नदी के तट के घाटों का निर्माण कार्य बरसात के बाद प्रारंभ करने की बात कही।

## अभाविप ने घोषित की नगर की नवीन कार्यकारिणी

*** बीएल झरिया नगर अध्यक्ष, प्रिंस सिंह मंत्री, अपूर्वा मिश्रा नगर उपाध्यक्ष बनीं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर की नवीन कार्यकारणी घोषित की है। जिसमें नगर अध्यक्ष डॉ बीएल झरिया, नगर मंत्री प्रिंस सिंह, नगर उपाध्यक्ष प्रो अपूर्वा मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष प्रो जगदीश प्रजापति, नगर सह मंत्री तरुण पटेल, तनुश्री बरमैया, जतिन हरदहा, नयन यादव, नगर कार्यालय मंत्री अभय नंदा, नगर कोषाध्यक्ष प्रोफेसर आलोक सिंगौर को नियुक्त किया गया है। इसी के साथ नगर एसएफडी प्रमुख हर्ष यादव, नगर सह एसएफडी प्रमुख नर्मदा झरिया, नगर एसएफएस प्रमुख कुमकुम बघेल, नगर सह एसएफएस शिवांग मार्को, नगर राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख काजल नागिया, नगर सह राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख प्राची कछवाहा, नगर खेलो भारत प्रमुख अंश उइके, नगर सह खेलो भारत प्रमुख पंकज मरावी, नगर स्टडी सर्कल प्रमुख आनंद सिंगौर,नगर स्टडी सर्कल सह प्रमुख यस गोटिया, नगर स्टडी सर्कल सह प्रमुख आदित्य चौकसे, नगर तकनीकी कार्य प्रमुख अभिनव सिंगौर, नगर तकनीकी कार्य सह प्रमुख राजा यादव, नगर विद्यालय कार्य प्रमुख नवदीप चंद्रोल, नगर विद्यालय कार्य सह प्रमुख शोभित सिंगौर, नगर महाविद्यालय कार्य प्रमुख स्पर्श मिश्रा, नगर महाविद्यालय कार्य सह प्रमुख खुशी पटेल, नगर छात्रावास प्रमुख अभिषेक रैदास, नगर छात्रावास सह प्रमुख श्रृष्टि डेहरिया, नगर कार्यकारिणी सदस्य पायल पटेल, प्राची पटेल, प्रखर श्रीवास नियुक्त किए गए हैं। इनकी नियुक्ति पर अभाविप पदाधिरियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**सर्पदंश** | **जिले के विभिन्न विकासखण्डों में 300 एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध।**

# बारिश में बढ़ जाते हैं सर्पदंश के मामले

*** तुरंत चिकित्सालय ले जाने कीसलाह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बारिश का मौसम शुरू हो गया है, इस सीजन में सांपों का कहर बढ़ जाता है, लेकिन इससे सावधान रहने की जरूरत है। अंधविश्वास व झाड़ -फूंक कराने और समय से इलाज न होने पर सर्पदंश से पीड़ित लोगों की जान भी जा सकती है। इन दिनों खेत खलिहान में बारिश का पानी भर जाने से जहरीले सांप गांवों की तरफ रूख करने लगते हैं। गांव के खपरैल, घास फूंस के मकान, पुरानी लकड़ी के ढेर समेत अन्य सुरक्षित स्थानों पर छिपे रहते हैं। इन्हीं जगहों पर सर्प दंश की घटना अधिक होने की संभावना भी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सांप से काटे जाने का अधिक शिकार होते हैं। जिसके लिए जिले में एंटी स्नेक वेनम की व्यवस्था कर ली गई है। जिससे सर्पदंश से पीड़ित की जान बचाई जा सके।

जानकारी अनुसार वर्ष 2023-24 के लिए जिले में 1850 एंटी स्नेक वेनम बायल प्राप्त हुए थे। 1850 के स्टाक से 1750 एंटी स्नेक वेनम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दिए जा चुके है। जिला स्थित स्टोर में वर्तमान में 100 बायल स्टाक में है और 900 बायल की डिमांड के लिए भेज दिया गया है। जल्द ही डिमांड के बायल स्टोर में उपलब्ध हो जाएगें। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय के स्टोर में करीब 300 वायल उपलब्ध है। फिलहाल स्वास्थ्य केन्द्रों में स्नेक वेनम बायल अभी उपलब्ध है। बारिश के पूर्व ही सर्पदंश के केस आने से पहले ही जिले के नौ विकासखंड में बायल उपलब्ध कराया दिए गए थे। जिससे सर्पदंश से पीड़ितों को समय पर एंटी स्नेक वेनम मिल सकेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही तैयारी कर रखी है।

### जिला अस्पताल में है 300 वायल का स्टाक

बताया गया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। वहीं जिले में सर्पदंश से बचाने के लिए करीब 1000 स्नेक वेनम अतिरिक्त जल्द ही उपलब्ध हो जाएगें। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में सर्पदंश से पीड़ितों के लिए स्टोर से करीब 300 एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। यदि तत्काल में सर्पदंश पीड़ित आ गए और एक पीड़ित को 6 वेनम लगाए गए तो ऐसी स्थिति में तत्काल के लिए 50 सर्पदंश पीड़ित के लिए व्यवस्था है और यदि एक सर्पदंश पीड़ित को 3 वेनम लगाए जाते है तो 100 सर्पदंश पीड़ित के लिए तत्काल में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है।

### हर विकासखंड में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध

बताया गया कि बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं अधिक होती है। सर्पदंश से पीड़ित को बचाने के लिए इस वर्ष बारिश के पूर्व ही प्रत्येक विकासखंड में इसकी व्यवस्था करा दी गई है। लगभग 100 वायल एंटी स्नेक वेनम के जिले के हर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध करा दिए गए थे। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी जरूरत के हिसाब से एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। जिससे सर्पदंश की घटना से निपटा जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

### खून का थक्का जमने से होती है मौत

सर्पदंश से शरीर में पहुंचने वाला जहर शरीर में रासायनिक प्रक्रिया करता है। हीमो टोक्सिक बाइझ्रूषटग से पीड़ित के शरीर की नसों में खून का थक्का जमने लगता है जिससे उसकी मौत हो जाती है। सही समय पर एंटी स्नेक वेनम मिलने से पीड़ित की जान बच सकती है। सांप के जहर से बनी यह दवा जहर से रियेक्ट कर इसे डायलूट करके जहर के असर को कम करती है।

### नर से ज्यादा मादा सांप अधिक अक्रामक होते है

बारिश एवं गर्मी के चलते भटकने वाले सांपों की इन दिनों सेक्सुअल टेंडेंसी भी बढ़ जाती है। जिससे यह आक्रामक एवं उत्तेजित रहते हैं। बारिश के चार माह का समय सर्प दंश के लिए अधिक घातक रहता है। इसी कारण इन दिनों सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। वहीं नर सांप से मादा सांप अधिक आक्रामक एवं संवेदनशील होते हैं।

### नगर में घूम रहे आवारा मवेशी



**भुआबिछिया।** मण्डला नगर में बस स्टैंड चोक चौराहों में आवारा मवेसियो के कारण यात्री वाहन से लेकर व्यापारी राहगीर सभी परेशान हैं आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है इसके बाद भी नगर परिषद् के द्वारा कोई सुधार के लिए कोई कारगर उपाय नहीं किए जा रहे हैं, मवेशी मालिको द्वारा साम और सुबह हर रोज छोड़ दिया जाता है अच्छा होता इन मवेशी मालिको को बुलाकर सचेत किया जाता ओर उन्हे पनिश किया जाता या फिर हाका गैंग भेज कर इनकी व्यस्था कराई जाए।

## चचेरे भाई ने धारदार हथियार से की भाई की हत्या

*** ग्राम पंचायत भोंगद्वार में जमीनी विवाद का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




ग्राम पंचायत भोंगद्वार में जमीनी विवाद को लेकर चचेरे भाई स्वरूप सिंह ने धारदार हथियार से अपने ही बड़े पिता के लड़के की हत्या कर दी। दोनो परिवार के बीच पैत्रिक जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार की रात जैसे ही भगत सिंह उइके जिसकी उम्र 45 वर्ष थी घर के बाहर निकला घात लगाए चचेरे भाई ने धारदार हथियार से लगातार हमला किया और मोके से फरार हो गया। हमले की आवाज को सुनकर भगत सिंह के परिजन घर के बाहर निकले और हमलावर की पीछे दौड़े लेकिन हमलावर काफी दूर निकल चुका था। परिजनों ने भगत सिंह को उठाने की कोशिश की लेकिन भगत सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिजन और गांव के कोटवार के द्वारा पुलिस थाना बम्हनी में सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना बम्हनी मोके पर पहुंच कर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनी लाया गया। जिसका मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करा कर परिजन को सौंपा गया।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर नेहा पच्चीसिया ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। महज 12 घंटे के भीतर आरोपी स्वरूप सिंह उईके निवासी भोगाद्वार को थाना प्रभारी वर्षा पटेल थाना बम्हनी एंव पुलिस स्टाप के सूचना प्राप्त होने से पर मंडला से गिफ्तार किया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक वर्षा पटैल थाना प्रभारी बम्हनी, उनि बलदाऊ पटेल, सीएम पटले, राकेश बघेल, कुनाल, रंजीत, उमराव, नंदकिशोर, धीरेन्द्र, सैनिक रघुनंदन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**खबर संक्षेप**

## देव शयनीः एकादशीः लोगों ने अपने घरों में किया भगवान का पूजन




**गाडरवारा।** वैसे तो देखा जावे हिन्दू धर्म में हर माह हर तिथि का एक विशेष ही महत्व रहने के कारण विधि विधान के साथ पूजन किया जाता है। मगर बीते हुये बुधवार को सभी प्रकार के मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम लगाने वाली देवशयनी एकादशी निश्चित तौर से अलग ही महत्व रखती है। शास्त्रों के अनुसार बताया जाता है कि आषाढ़ शुल्क पक्ष में पड़ने वाली इस एकादशी के दिन से भगवान विष्णु जी चार महीनों के लिये अपनी योग निद्रा में चले जाते है, जिस कारण इन महीनों में किसी भी तरह के मांगलिक कार्य नही किये जाते है। इसके उपरांत चार माह बाद जब दीपावली के बाद पड़ने वाली प्रबोधिनी एकादशी के बाद भगवान अपनी निद्रा से बाहर आते है तभी मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत होती है। इस एकादशी को हरिशयनी एकादशी भी कहा जाता है इसी दिन से चतुरमास का प्रारंभ भी होता है। इस एकादशी के मौके पर लोग अपने अपने घरों में भगवान की अलग अलग तरीके से पूजन करते है, जिसमें प्रमुख रूप से कौरव समाज द्वारा इस एकादशी के मौके पर अनेकों वर्षो से भगवान की पूजन के लिये फरा लपसी (यानि की पानी की पुड़ी फरा) बनाते हुये भगवान की पूजन करते है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में इस एकादशी को फरऊ ग्यारस भी कहा जाता है? यह बात कहा तक सत्य है इसका कोई प्रमाण तो नही है मगर कुरूवंश के बुजुर्गो के बताया जाता है कि जब महाभारत का युद्व चल रहा था उस दौरान इस दिवस भगवान की पूजन कौरव समाज द्वारा इन फरा व लपसी यानि की पानी की पुरी के द्वारा की गई थी तभी से यह परम्परा चली आ रही है, जिसके चलते जहां कौरव समाजिक बंधुओं द्वारा देवशयनी एकादशी के मौके पर अपने अपने घरों में फरा लपसी के माध्यम से भगवान सहित अपने कुल देवताओं का पूजन किया गया, वही अन्य लोगों द्वारा भी अलग अलग तरीके से भगवान का पूजन करते हुये आराधना की गई।

## अखाड़ा खेलकर किया मोहर्रम को याद.

**खुलरी/इमझिरी/बिलोनी।** मुस्लिम भाईयों का मातमी पर्व मोहर्रम शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया।ग्राम खुलरी, इमझिरी व बिलोंनी में मुहर्रम की 10,तारीख को यौमे आशुरा को हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम व करबला के शहीदो की याद मे मजलिस/ जूलूस का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इसमे या हुसैन या हुसैन या अब्बास या अब्बास की सदाएं बुलन्द की इस अकीदतमंदों/ श्रद्धालुओं ने - कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए धर्म प्रेमी बिलोनी ग्राम के बाबा साहब (बड़े भाई) एवं हाफिज इरफान साहब और पीराली साहब ने बताया कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन ने शहादत दे कर आने वाली पीढियों को जुल्म और नाइंसाफी के खिलाफ आवाज बुलन्द करने तथा सच्चाई की राह पर चलने का संदेश दिया है। वही पीर अली ने कहा आशूरा यानि 10 मुहर्रम का दिन हमें त्याग और बलिदान की भावना के साथ समाज को मजबूती देने तथा देश और प्रदेश के लिए किसी भी तरह की कुर्बानी देने के लिए प्रेरित करता है। इस तरह कार्यक्रम की शुरुआत खुलरी ग्राम में बनाएं गए ताज़िए,और पंजे की ज्यारत करते हुये आपसी भाईचारे की मिसाल कायम की गई।

## बगैर रैलिंग की टंकी बन सकती है बड़ी घटना का कारण

**सांईखेड़ा।** अक्सर देखा जाता है कि जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है उसके बाद प्रशासन की आंखे खुलती है तब तक निश्चित ही किसी के घर का दीपक बुझ चुका होता है, यदि प्रशासन द्वारा समय रहते ही उस सच्चाई पर ध्यान दे दिया जावे तो निश्चित ही इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम सिरसिरी में देखने मिली जहां पर बताया जाता है।

# मातमी पर्व मोहर्रम का समापन होगा आज

## नगर में निकाले गये ताजिये, कानून व्यवस्था पर प्रशासन की पैनी नजर







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

नगर में सर्वधर्म सद्भावना के साथ इस वर्ष देव शयनी ग्यारस के दिन पड़ने के चलते धार्मिक आयोजनों की धूम के बीच मोहर्रम की धूम नगर में देखी जा रही है। इसी के चलते 10 दिवसीय मातमी पर्व मोहर्रम बड़े ही अकीदत एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिसके चलते कल बुधवार को मोहर्रम की 10 तारीख यौमे आशूरा पर सुबह इंदिरा काम्प्लेक्स मुकरबा दरगाह शरीफ के सामने ताजियों का मजमा लगा रहा। यहां पर आकर्षक ताजियों के जियारत के लिए सैकड़ो की संख्या में भीड़ पहुंची और अपनी मन्नत मांगकर तबर्रूक, तकसीम किया गया। वही सबारिया शहनाई ढोल ताशा के साथ शहीदी धुन पर चल रही थी। बुजुर्गाने दीन से निशवत रखने वालों ने बाबाओ से मुलाकात की। मजमे में कोई बाबा नक्श तो कोई काजू बांट रहे थें तो दूसरी ओर जगह जगह लंगर का वितरण होता रहा। पूरे नगर में सावरियो ने रन करते हुये अपने मुरादियो के घर पहुचकर प्याले भी पिये। बताया जाता है कि बड़े वली इमामबाड़े, शक्ति चौक, बाबड़ी अखाड़ा, मुकरबा, गरीब नवाज, चौकी, पानी टंकी के सामने, जबरन देवी दरबार सहित पूरे नगर के इमामबाड़ो में मोहर्रम पर जायरीनों की भीड़ रही। मोहर्रम की 10 तारीख़ यौमे आशूरा के दिन रोजा भी रखकर शाहीदने कर्बला शान में तिलावत की। जामा मस्जिद मे हाफिज जुबेर आलम साहब फैजाने मदीना मस्जिद में इमाम दानिश साहब यौमे आशूरे की नमाज अदा कराई छोटी मस्जिद में भी नमाज अदा की गई। सदा ही शांति प्रिय माने जाने वाले गाडरवारा शहर मे सभी धर्म जिस तरह मिलजुलकर मनाने की परम्परा रही है जो आज भी कायम देखी जा रही है। वही ताजियाँ निकलने के दौरान शहर में भारी पुलिस बल तैनात नजर आया तो दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा भी एक दिन पहले पैदल भ्रमण करते हुये नगर की स्थिति का जायजा लेते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये है। जिसके चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख सहित अन्य अधिकारी मोहर्रम के त्यौहार के दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पैनी नजर रखे हुये थें। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुबह की बेला में इन्द्रा काम्पलेक्स के पास सभी ताजिये सुबह फजर की नमाज के बाद से ही हसन हुसैन के नारे लगाते हुए निकलना शुरू हुये और इंदिरा काम्प्लेक्स के समक्ष एकत्र हुए हजरत बड़े बली इमामबाड़े का दादा पीर का ताजिया अपनी चौकी से सबसे पहले उठा। इसके बाद सभी ताजिए व सवारियां उठने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। प्रातः काल से ही नगर में ढोल मातमी शहनाईयों की गूंज में शहीदी कलाम गूंजते रहे। मोहर्रम पर्व के सारे अरमान पूरे करके मुस्लिम भाईयों ने यह पर्व मनाया। हर साल की तरह 10 तारीख की रात्रि में बाद नमाज इशा चॉवडी पर बारह भाई ईमाम बाड़े के सामने ताजियों का मजमा लगा। जहां पर सारी रात यहां पर सवारियों ने अपनी हाजरी पेश की एवं शहर में रन किया। वही हजरत इमाम हुसैन आली मकाम की शहादत पर मोहर्रम की 10 तारीख के सुबह यौमे आशुरे की नमाज मस्जिदों व घरों में पढ़ी गई। तत्पश्चात लोगों ने गरीब, यतीम, वेसहारों की मदद कर सबाबेदारेन हासिल की। बताया जाता है कि मोहर्रम की 10 तारीख को सुबह करीब 9 बजे से सवारियों का उठना शुरू हो गया था जो शहनाईयों बाजे गाजे ढोल के साथ सभी इमामबाड़ो की सवारियों ने पूरे शहर में गश्त कर इंदिरा काम्प्लेक्स के समक्ष लगे मजमें में ताजियों के सामने जाकर अपनी हाजरी दी। वही गरीब नवाज चौकी, बंगला वाले, मुकरबा, सुल्तान बाबा, बावली वाड़ा, झौंरे वाली सवारी सैयद जीलानी, मदीना दरबार, मंडला वाले, असलम बाबा, जबरन देवी दरबार, हजरत सुल्तान पीर सैय्यदी दरबार के अलावा सभी इमामबाड़ों की सवारियां मजमे में शरीक थीं। बताया जाता है कि यह सवारियां सभी दरगाहों, इमाम बाड़ों परचमों पर पहुंची जहां बुजुर्गाने दीन से निश्बत रखने वाले इत्र खुश्बू लेकर बाबाओं को लगाते नजर आये तो सवारियों के साथ उनके मुजाबर भी साथ चल रहे थे। इस मौके पर जगह जगह मुरादी हाथों में प्याले लिए हुए बाबाओं को पेशे नजर करते दिखे जो हाथों में मोरछाल लेकर चल रहे बाबाओं ने झाड़ कर उनके हक में दुआएं की तथा सभी सवारियां चावड़ी पर बारह भाई इमामबाड़े के सामने लगे मजमे में शरीक हुई एवं ताजियों की जियारत की तथा रन करते वक्त अनेकों मुरादी बाबाओं से मिलकर अपनी खुशहाली की मन्नत भी मांगते देखे गये। इस दौरान इन्द्रा काम्पलेक्स के पास एकत्र हुये ताजियों के बीच पहुंचकर मुस्लिम मुहिला पुरूषों सहित अन्य धर्म के लोगों ने भी ताजियों के सामने लोभान छोड़कर धुंआ करते हुए नगर व क्षेत्र की खुशहाली के लिये दुआ मांगी गई इसके उपरांत सबारी के रूप में गस्त करने वाले बाबाओं से भी मुलाकात की गई। इस प्रकार से नगर के इंदिरा काम्प्लेक्स समक्ष ताजियाँ के सामने हिन्दू मुस्लिम सभी धर्म के लोगों लोहान व रेबड़ी का प्रसाद चढ़ाकर अपनी अपनी मन्नते मांगी। इस मजमें में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष, बच्चों ने पहुंचकर ताजियों के दीदार किये, ताजियों का मजमा लगा रहा। इस मोहर्रम के मजमे में जगह जगह हुसैनी लंगर में चावल का पुलाव, मीठे चावल, पानी व दूध के छबील का वितरण किया गया। वही बताया जाता है कि आज मुहर्रम की 11 तारीख को सुबह फजर की नमाज के बाद नगर के सारे ताजिये छिड़ाव घाट शक्कर नदी पहुंचेगे जहां पर जायरीन ताजियों के अंतिम दर्शन करेंगे। इसके उपरांत नगर पालिका परिषद द्वारा ताजियां विसर्जन के लिए करबला शरीफ नदी में निर्धारित किये गये स्थल पर ताजियें विसर्जित किये जायेगे। इसी तरह मोहर्रम पर्व के चलते समीपस्थ खुलरी, सिहोरा, कल्याणपुर, सालीचौका, चीचली, सांईखेड़ा, बनवारी, पलोहा बड़ा सहित अन्य जगहों पर भी बड़े ही शांति के साथ ताजियाँ निकालते हुए मोहर्रम त्यौहार मनाया गया। इस प्रकार से मातमी पर्व मोहर्रम का आज समापन होगा। वही इस प्रकार से ताजियों मोहर्रम त्यौहार भी सभी धर्म के लोगों ने मिलजुलकर मनाते हुए एक अनोखी मिशाल पेश की गई है।

## निर्मल ग्रामों की बर्बादी, कमीशन की आड़ में आंखे बंद किये हुए अधिकारी?

**सांईखेड़ा।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। वही दूसरी ओर गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी आफिसों में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि



गांव में बनायी गई सड़के एक चंद वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है, वही पूर्व के समय में गांवों में बनाये गये शौचालय की स्थिति भी इसी प्रकार से देखने मिल रही है कि वह कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गये है तो हजारों रूपया की लागत से बनाये गये कचरा घर टूट गये है, जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दलदल निर्मित हो गयी है, इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया है, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली? यदि इन गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायते तो इस प्रकार की जहां पर लोग आज भी शौच के लिए बाहर जाते हुए नजर आते है और दूसरी ओर सड़कों की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए कमीशन की आड़ में अधिकारियों द्वारा उन्हें पास कर दिया गया है जो चंद दिनों के बाद भी टूटना शुरू हो चुकी है।

## नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था सुधारने में असफल हो रहा प्रशासन, महानगरों की तरह दिखाई पड़ रहे जाम के नजारे

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**





शहर की आबादी बढ़ने, आपाधापी भरे समय में स्वाभाविक तौर से चार पहिया वाहनो व आटो की संख्या में ईजाफा होने के साथ साथ स्कूली बसो, ट्रको की भरमार होने के बाद अतिक्रमण की गहराती समस्या के कारण नगर की प्रमुख सड़को बेजा यातायात का दबाव सहने की स्थिति में दम तोड़ती जा रही है और वही नवनिर्मित सड़कों के भी जर्जर होने की शुरूआत हो गयी है, जिन पर सुबह से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनों से जहां पैदल स्कूलो में जाने वाले बच्चो, राहगीरो, शासकीय कर्मचारियो का सड़कों को पार करना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर सड़कों के किनारों पर बेतरतीव वाहनों के खड़े रहने से नगर के हृदय स्थल माने जाने वाले झंडाचौक, राठी तिराहे, पलोटन गंज चौराहे, शिवालय चौक सहित पुराना बस स्टैन्ड पर रोज जाम लगने के हालात बन रहे है? इन स्थानों के सकरे पन की वजह से कभी कभार वाहनों का रेला इतना अधिक लग जाता है कि यातायात अराजक हो जाता है और लोगो का परेशानी उठाने मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर नगर की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी भी यातयाता व्यवस्था को पूर्ण रूप से तहस नहस करे हुए है, जिनको हटाने के लिए नपा द्वारा हाकां गैंग चलाते हुये उन्हें शहर के बाहर छोड़ने की बात तो कही जा रही है और इन पशुओं को पकड़ने के लिये नपा का प्रतिदिन ट्रेक्टर घूमने को लेकर हजारों का डीजल भी खर्च हो रहा है मगर इसके बाद भी शहर की सड़को से इन मवेशियों की संख्या में किसी भी प्रकार से कोई कमी देखने नही मिल रही है। इस प्रकार से सही मायने में देखा जावे तो नगर पालिका द्वारा पशुओं को शहर के बाहर किये जाने को लेकर चलाई जाने वाली मुहिम मात्र सरकारी धन की होली खेलने के साथ साथ कागजों पर चलते हुये प्रतीत होने से नही चूक रही है? वही इस समय चल रहे मोहर्रम व अन्य धार्मिक कार्यो के सीजन में जब बाजार गुलजार रहता है तब कई जगह जाम लगने की नौबत आने से आमजनो का सड़को पर चलना दूभर होने के साथ साथ शहर का महौल बड़े महानगरों के समान दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि शहर में अक्सर दिखायी देने वाले जाम के मंजर बाजार में दुकानदारो द्वारा सड़कों के आधे हिस्से पर सामान फैलाने तथा लोगों में अतिक्रमण करने की बढ़ रही प्रवृत्ति की देन है। विदित हो कि बरसो से पुलिस को मिल रही नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने की चुनौती को स्वीकार करने में स्थानीय पुलिस नाकाम साबित होते हुये जान पड़ रही है? शहर के थाने में अलग से पर्याप्त यातायात पुलिस कर्मी न रहने से कई महत्वपूर्ण स्थानो पर यातायात पुलिस कर्मी तैनात नही हो पा रहे है, जिससे अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वाले मनचाहे ढंग से सड़कों पर वाहन दौड़ा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देकर यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे है। वही शहरवासियों का कहना है कि बदलते समय में शहर के सौन्दर्यीकरण के साथ नगर के युवाओं, नागरिको की चाहत है कि नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार करने शासन प्रशासन हरकत में आएँ, जिला पुलिस अधीक्षक नगर के थाने में अपेक्षित यातायात पुलिस कर्मियो की तैनाती कराये ताकि शहर के प्रमुख स्थानो पर जाम लगने की समस्या खत्म हो सके।

# कैसे सफल होगा देश के प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत का सूपना पूरा, गांव के रास्तों पर कीचड़ का साम्राज्य





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जहां एक ओर सरकार द्वारा गांवों को स्वाच्छ बनाने के लिए स्वाच्छता मिशल चलाते हुए करोड़ो रूपया खर्च किये जा रहे है? मगर वही दूसरी ओर जब गांवों की स्थिति देखी जा रही है तो सरकार द्वारा स्वच्छता पर किये जा रहे पैसा खर्च करना सिर्फ बर्बादी के आलवा और कुछ दिखाई नही दे रहे है? क्योंकि स्वच्छता के नाम पर हर पंचायत में लाखों रूपया खर्च होने के बाद भी गांवों की सड़कों पर कीचड़ का साम्रज्य स्थापित होने से जहां पंचायत की भूमिका पर सबाल खड़े होते हुए जान पड़ रहे है? वही दूसरी ओर इस अभियान को सफल बनाने के लिए अमली जामा पहनाने के लिए नियुक्त किये गये सरकारी कर्मचारियों की भूमिका भी गांवों की स्थिति को देखते हुए संदेह के घेरे में आते हुए जान पड़ रही है? क्योकि जिस प्रकार से गांवों की सड़के कीचड़ से भरी पड़ी हुई है उसके बीच से जहां ग्रामवासियों का निकालना दुभर हो रहा है। वही दूसरी ओर गंदगी के चलते गांवों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैलने का भी भय दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि पंचायतों द्वारा गांवों में स्वच्छता के नाम पर तो लाखों रूपया खर्च डाले है मगर इसके बाद भी कोई सुधार दिखाई नही दे रहा है। इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है जहां पर स्थिति इस प्रकार से बनी है कि गांव के अंदर की सड़कों पर जहां पूर्णरूप से कीचड़ का साम्रज्य स्थपापित हो गया है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब गांवों में इस प्रकार से गंदगी का साम्राज्य स्थापित रहेगा तो मौसमी बीमारियों से जंग जीतने में कहा तक सफलता मिल पायेगी? कुछ इसी प्रकार का हाल सांईखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में भी देखने मिल रहा है जहां पर बताया जाता है कि जहां गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम सड़कों पर अपने मवेशी बांधते हुए सड़को को कीचड़ युक्त किया जा रहा है वही दूसरी ओर लोगों के घरों से निकलने वाली पानी के बहाव हेतु उचित नालियों का निर्माण नही होने से लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़को से होकर जाने से गांव के अंदर की सड़क कीचड़ से बजबजा रही है? इस प्रकार की स्थिति के चलते जहां भारत सरकार के स्वच्छता अभियान पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ नजर आने लगा है? वही दूसरी ओर पंचायतों की भूमिका भी सबालों के घेरे में आने से नही बच पा रही है। मगर इसके बाद यहां पर पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान न देना जहां चिंता का विषय बना हुआ है? वही दूसरी ओर इस सच्चाई को देखते हुये आमजन का कहना है कि जब गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार द्वारा मनमानी राशि प्रदान की जा रही है तो फिर आखिर में वह निर्माण हो कहा रहे है जिसके चलते गांवों में गंदगी के कारण प्रदूषण फैल रहा है।



## आखिर कौन कर रहा है शासकीय संपत्ति को गायब पहरेदारों की भूमिका पर सवाल

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जिस प्रकार से क्षेत्र में आये दिन लोगों के घरों में घटित हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ साथ पूर्व में हुई अनेक चोरी के मामलो में लिप्त आरोपियों को पुलिस आज तक खोजने में असफल देखी जा रही है, वही अब स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां तहां फैली हुई शासकीय संपत्ति भी अब असुरक्षित दिखाई देने लगी है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जहां तहां निर्मित हो रही सड़कों के किनारो पर सुरक्षा के हिसाब से लगाई जाने वाली लोहे की सुरक्षा पट्टी लगातार गायब होते हुए देखी जा रही है? इस प्रकार से सड़कों पर लगी हुई इन पट्टियों के गायब होने की स्थिति पर गौर किया जावे तो उनके गायब होने के बाद जो सच्चाई दिखाई दे रही है उसे देखकर यह बात स्पष्ट होने से नही चूक रही है कि इन लोहे की पट्टियों को किसी द्वारा रातो रात काटते हुए पार किया गया रहा है, क्योंकि शहर के नजदीक सड़क सड़क किनारों से गायब हो रही इन पट्टियों के चलते जहां संबंधित विभाग की भूमिका पर सबाल खडे होते हुए देखे जा रहे है तो दूसरी ओर पुलिस की कार्य प्रणाली भी चर्चा का विषय बनने से नही चूक रही है? क्योंकि प्रतिदिन पुलिस द्वारा रात्रिकालीन गस्त व्यवस्था लगाई जाती है जिसमें एक गस्त लोकल स्तर की होती है और एक गस्त संभागीय स्तर की होती है जिसमें गस्त अधिकारी संपूर्ण क्षेत्र में भ्रमण करते हुए क्षेत्र की निगरानी करता है, इसके बाद भी यह पट्टी चोरी होना निश्चित ही चिंता का विषय बना हुआ है? क्योंकि इन पट्टियों को जब कोई पार करेगा तो निश्चित ही वह किसी न किसी वाहन का उपयोग करता होगा इसके बाद भी पुलिस की नजर में न आना अनेक संदेहों का पैदा करते हुए जान पड़ रहा है, वही दूसरी ओर यदि गौर किया जावे तो इन लोहे की पट्टियों को पार करने वाले द्वारा निश्चित ही उनका विक्रय किसी न किसी कबाड़ी के पास किया जाता होगा? क्योंकि इस समय नगर में जिस प्रकार से कबाड़े का कारोबार कुलियों से लेकर खेतों में फैला हुआ है उसके चलते इस प्रकार से लोहे की सामग्री को बढ़ावा देने में कोई कसर ही छोड़ रहा है? मगर इसके इसके बाद भी इस प्रकार से कबाड़ियो के प्रति पुलिस की मेहबानी चर्चा का विषय बनते हुए देखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अमराडंडी में बिक रही अवैध शराब से वार्डवासी परेशान

**अमलाई।** अमलाई थाना अंतर्गत धनपुरी न. 3 के वार्ड क्रमांक 10 अमराडंडी में अवैध शराब बिक्री की शिकायत मिल रही है अवैध शराब बिक्री से वार्डवासियों को काफी परेशानी हो रही है वार्डवासियों ने बताया कि इसकी शिकायत थाना में की गई है किंतु कार्यवाही नही हो रही है। बताया कि सुबह से यहां शराब की बिक्री चालू हो जाती है जहाँ शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है और देर रात तक बिक्री चालू रहती है शराब के नशे में शराबी अपशब्दों का प्रयोग करते है जिससे आस पास के लोगो को परेशानी होती है जिसके कारण महिलाओं और बच्चों पर बुरा असर पर रहा है। बताया गया कि शराब ठेकेदार द्वारा जगह जगह पैकारी की जा रही है और खुलेआम जगह जगह शराब बेची जा रही है। जिस पर कार्यवाही न होने के कारण क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है जल्द शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की गई है।

### कन्या शिक्षा परिसर में किया गया पौधारोपण



**उमरिया।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले के पाली कन्या शिक्षा परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि दिलीप पांडे, पाली एसडीओपी एस.सी.बोहित, पाली नगर के थाना प्रभारी एम.एल.मरावी, समाजसेवी राजा दास, गोरइया पंचयात के सरपंच संतोष मानिकपुरी, प्रधान आरक्षक अजय सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक नेहरू तिलगाम, अनिल शिवहरे, यशवंत सिंह कन्या शिक्षा परिसर के शिक्षक एवं छात्राओं ने सामूहिक पौधारोपण किया एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया ।

### विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा उत्सव आयोजित होंगे कार्यक्रम

**उमारिया।** मंत्रि परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिये गए निर्देशों के परिपालन में राज्य शासन एतद द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालयों में 20 एवं 21 जुलाई 2024 को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। जिसमे 20 जुलाई को प्रार्थना सभा के पश्चात प्रार्थना स्थल पर शिक्षकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरु-शिष्य संस्कृति पर प्रकाश, प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव पर निबंध लेखन एवं 21 जुलाई को विद्यालयों में वीणा वादिनी मां सरस्वती वंदना, गुरू वंदना एवं दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण।गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विद्यालयों में आयोजित किये जाने वाले गुरू पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में 21 जुलाई 2024 को यथा संभव साधु संतों, गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों, आमजनों को भी आमंत्रित किया जाए तथा उपरोक्तानुसार दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न किये जाएंगे।

### सीएससी का 15 वां स्थापना दिवस मनाया



**उमरिया।** जिले में सीएससी मुख्यालय के निर्देशानुसार सीएससी का 15 वा स्थापना दिवस मनाया गया। जिले भर से आए सीएससी विएलई सीएससी कार्यालय में केक काटकर बड़े हर्ष और उल्लास के साथ सीएससी दिवस मनाया गया वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा जन जागरूकता बाइक रैली का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया द्वारा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर शहर की ओर रवाना किया गया एवं सभी वबीएलई को एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश दिया गया। सीएससी जिला प्रबंधक राजकुमार कुशवाहा ने बताया कि सीएससी में बढ़िया कार्य करने वाले सीएससी (संचालक) विएलई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें खेमराज साहू, विजय कुमार यादव, राकेश कुमार विश्वकर्मा अजय सिंह, विशम्भर सिंह, रामबोध बर्मन, शिवेंद्र कुमार निगम,पूजा सिंह रघुवंशी,रीतू यादव, महेंद्र कुमार गुप्ता, रवि शंकर सोनी रामप्रदीप कुशवाहा, ए आई सी टीम से अविनाश कुमार नापित, विपिन सिंह, आदि सैकड़ो विएलई उपस्थित रहे।

# श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया मोहर्रम आशूरा बाबा के अनुयायियों की उमड़ी भीड़

**डिंडौरी।** जिले के करंजिया जनपद मुख्यालय के इंदिरा कालोनी में शेरु बाबा के निवास स्थान पर प्रतिवर्षानुसार इस बार भी मोहर्रम माह के खास दिन आशूरा पर्व बुधवार को नियमानुसार श्रद्धा भाव के साथ सादगीपूर्ण वातावरण में मनाया गया । प्रमुख शेरु बाबा अजमत अली ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम पर्व को लेकर चार दिन से लगातार धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है जिसमें मिलादे मुस्तफा और प्रवचन के साथ आयोजित प्रारंभ किया गया जहां धर्म के जानकार हाफिज अतीक खान ने पर्व से संबंधित बारीक जानकारियों से श्रोताओं को अवगत कराया गौरतलब हैं यहां मोहर्रम माह के शुरुआत से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा हैं वहीं बाबा के अनुयायियों के द्वारा परिसर में प्रतिदिन भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया । उन्होंने बताया कि वैसे तो यहां आए दिन लोगों का आना जाना लगा रहता है। मगर मोहर्रम के शुरुआती दस दिनों में भक्तों की अधिक भीड़ रही रहतीं हैं। बुधवार को आशूरा का खास दिन रहा सुबह से यहां कुरान पाठ और फातिहा का आयोजन किया गया तत्पश्चात विशाल भंडारा प्रसाद वितरण दिन भर चलता रहा।





जबकि आशूरा के पावन अवसर पर हुसैन अलैहिस्सलाम के अनुयायियों ने घरों में रात्रि जागरण कर नमाज की अदाएगी करतें हुए कुरान का पठन पाठन में लीन रहें। इस तारतम्य में बुधवार की सुबह मस्जिद में कुरान ख्वानी और फातिहा के कार्यक्रम के बाद विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने दो दिवसीय व्रत धारण भी किया।

समाज के लिए होता है खास दिन : गौरतलब हैं कि आशूरा का दिन इस्लाम धर्मावलंबियों के लिए बडा खास दिन होता हैं। इसी दिन हुसैन अलैहिस्सलाम ने अपने धर्म को बचाने के खातिर अपने करीबी साथियों के साथ कर्बला के मैदान में

भूखे प्यासे धर्म की रक्षा के लिए दुश्मनों से युद्ध करतें हुए अपने प्राणों को त्याग दिया, लेकिन गलत व्यक्ति के हाथ में अपना हाथ नहीं दिया। आज उसी कुर्बानी के कारण इस्लाम धर्म असल रूप में हैं, न तो हमारे धर्मग्रंथों में बदलाव किया जा सका और न ही नियमों में फेरबदल किया गया। अन्यथा आज इस्लाम धर्म का क्या स्वरुप होता कोई नहीं जानता। तब से इस्लाम धर्म में इस दिन का महत्व और बढ़ गया। इसके अलावा अल्लाह ने इस दिन अपना चमत्कार दिखाते हुए अपने देवदूतों नेक बंदों के कष्टों को दूर कर उनकी नैया को पार लगाकर उनका और उनके अनुयायियों का भला किया हैं। इस कारण इस्लाम धर्म में यह दिन महत्वपूर्ण हैं।

## किकरकुंड में फिसलकर गिरे अधेड़ का दूसरे दिन भी नहीं चला पता





पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत किकरकुंड जल प्रपात में मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे फिसलकर गिरे अधेड़ का बुधवार की देर शाम तक कुछ पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार एसडीईआरएफ डिंडौरी द्वारा मंगलवार तथा बुधवार दोनों दिन खोजबीन की गई परन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। उल्लेखनीय है कि प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा पुलिस थाना मेंहदवानी में सूचना दी गई थी किकरकुंड जल प्रपात में मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे ग्राम बगली निवासी रामनाथ भारतीया पिता चौधरी भारतीया उम्र लगभग 55 वर्ष फिसलकर किकरकुंड में गिरकर डूब गया है जो बाहर नहीं निकला है। वहीं रामनाथ के परिजनों ने भी जानकारी दी है कि वो मंगलवार सुबह से लापता हैं। जानकारी मिलने के बाद से मौके पर मेंहदवानी पुलिस मौजूद है और नजर बनाए हुए है। एसडीईआरएफ डिंडौरी में प्लाटून कमांडर शिवराज पन्द्रे, सैनिक अजय परस्ते, राकेश मंडावी, संदीप परते,मनोज कुशराम,लम्मू सैयाम तथा सतीश पूषाम द्वारा रेस्क्यू किया जा रहा है और कुंड में गिरे अधेड़ की खोजबीन की जा रही है।

# राजस्व महा अभियान अंतर्गत किया गया शिविर का आयोजन



**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देश अनुसार जिले में राजस्व विभाग के राजस्व महा अभियान के अंतर्गत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम, आपसी बटवारा, नक्शा खसरा आदान प्रदान एवं अन्य राजस्व से संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में विकासखंड तहसील स्तर पर राजस्व अधिकारियों के द्वारा जगह-जगह कैंप लगाए जा रहे हैं। पटवारी जितेन्द्र साहू नेवसा द्वारा बताया कि राजस्व महा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17 जुलाई 2024 को राजस्व अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत नेवसा के नयेगांव रैयत/माल में लगाया गया। जिसमें पटवारी ने जमीन से संबंधित रिकार्ड, बी-1 बाचन किया। नामांतरण, पीएमकिसान, केवायसी, एनपीसीआई, आदि की जानकारी दी। दोनो ग्रामों से नामांतरण के तीन केस प्राप्त हुए। गांव के स्थानीय लोगों के बीच दो पक्षो के बीच में रास्ता को लेकर विवाद चल रहा था। जिसका आज नेवसा में उपस्थित होकर दोनों पक्षों को बुलाकर समझाइस देकर विवाद को समाप्त किया। आने वाले समय के लिए रास्ते को तुरंत मौके पर ही सर्व सहमति से खोला गया।

# 100 दिवसीय जागरूकता अभियान अंतर्गत मिशन शक्ति नामांकन सप्ताह के बारे में दी गई जानकारी





**डिंडौरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की शुरुआत की गई , जिसमें 100 दिवसीय जागरूकता अभियान चल रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन उपरांत मिशन शक्ति के पांचवे सप्ताह में दिनांक 16/07/2024 को आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 15 एवं दिनांक 17/07/2024 को प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास डिंडोरी में वन स्टॉप सेन्टर प्रशासक श्रीमती नीतू तिलगाम एवं परामर्शदाता श्रीमती निकिता मरकाम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं उसकी उपयोजनाओं, वन स्टॉप सेन्टर (सखी), महिला हेल्प लाइन (181), चाइल्ड लाइन (1098) के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेन्टर विधिक सलाहकार श्रीमती स्मिता चौरसिया, केस वर्कर श्रीमती रितु खांडे एवं श्रीमती रागिनी धुर्वे भी उपस्थित रहीं।

## हाथी क्षेत्र में गश्त कर रहे वन रक्षक कुएं में गिरकर हुआ घायल

# 32 दिन से जिले मे तांडव कर रहे दो हाथी



**गुस्साये ग्रामीणों ने रेंजर के वाहन में की पत्थरबाजी**

छत्तीसगढ़ राज्य से 32 दिन पूर्व आए दो प्रवासी नर हाथी जिले के जैतहरी तहसील थाना एवं वन परिक्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से सटे जंगलों में पूरे दिन विश्राम करने बाद देर रात आसपास के ग्रामीण अंचलों में जाकर ग्रामीणो एवं किसानों के घरों में तोड़फोड़ कर खेत तथा बाडियो में लगे विभिन्न तरह के अनाजों को आहार बनाते हुए निरंतर विचरण कर रहे हैं। जिससे ग्रामीण काफी परेशान होने के साथ ग्रामीणों का गुस्सा दिन प्रतिदिन दिन बढ़ता जा रहा है।

**अनूपपुर।** जिला प्रशासन एवं वन विभाग हाथियों को जिले से बाहर किए जाने का निरंतर प्रयास कर रहा है, लेकिन अब तक किसी भी तरह की सफलता नहीं मिल सकी है। मंगलवार को पूरे दिन दोनों हाथी अनिल गुप्ता के क्रेशर के पीछे गोबरी के जंगल में ठहरने के बाद देर रात जंगल से निकाल कर बड़वार नाला के ऊपर धन सिंह के घर में अचानक हमला बोलकर तोड़फोड़ करने लगे, जिसकी आहट सुनकर धन सिंह के परिवार के सदस्य भागकर जान बचाते हुए क्रेशर में आकर ग्रामीण एवं वन विभाग को सूचना दी जिसके बाद से वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, हाथी मित्र दल सदस्य एवं ग्रामीणों में हाथियों पर निरंतर नजर बनाते हुए हाथियों के विचरण क्षेत्र भूपेंद्र सिंह के क्रेशर के पीछे से जैतहरी राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग को देर रात पार करते हुए जैतहरी के राखड़ बांध, बंजारीटोला, गड्डहा नाला पहुंचकर लगभग दो किलोमीटर तक अनूपपुर-जैतहरी रेलवे लाइन के किनारे-किनारे चलते हुए रेल लाइन पार करने का तीन-चार बार प्रयास किया, किंतु तेज गति से चलती ट्रेनों व उनके तेज हार्न के कारण रेल लाइन पार नहीं कर सके तथा सुबह होने पर दोनों हाथी गोबरी बीट के ही बेलिया कछरा के जंगल में विश्राम कर रहे हैं। इस बीच वन विभाग के अधिकारी देर रात रेलवे विभाग के अधिकारियों से ट्रेनों के आवागमन की गति धीरे किए जाने, ट्रेनों के तेज हार्न न बजाए जाने के संबंध में चर्चा की, लेकिन रेलवे के



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश प्राप्त नहीं होने, संपर्क नहीं होने के कारण एक बार फिर से हाथी रेल लाइन पार नहीं कर सके। हाथियों की गश्ती में लगे वन परिक्षेत्र जैतहरी के ठेही बीट के वन रक्षक राकेश शुक्ला ट्रेन के तेज हार्न, आवाज के कारण हाथियों के भागने पर भागते हुए एक जगत विहीन कुएं के अंदर गहरे पानी में गिर गए जिन्हें रात में ही वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की मदद से कुएं से बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में उपचार कराया गया। हालांकि उपचार के बाद वन रक्षक श्री शुक्ला खतरे से बाहर हैं।

निरंतर हाथियों के विचरण से ग्रामीणों को हो रहे नुकसान पर ग्रामीणों का गुस्सा दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है जिससे ग्रामीणों का आक्रोश वन विभाग के वाहन पर विगत रात एक गांव के ग्रामीणों द्वारा छत के ऊपर से मुनादी करने गये अनूपपुर रेंजर के बोलेरो वाहन पर पत्थरबाजी की जिससे वाहन को नुकसान पहुंचने पर वाहन मालिक संजू पटले ने अपना वाहन वन विभाग से वापस ले लिया। इन्हीं की एक गाड़ी को विगत फरवरी माह में गोबरी गांव में हाथी द्वारा एक व्यक्ति को कुचलकर मार देने पर गुस्साई ग्रामीणों की भीड़ ने तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया था जिसका 7 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी बीमा कंपनी या वनविभाग की ओर से नुकसान की राशि नहीं मिल पाई है जिससे वह अपने वाहनों को वन विभाग से वापस ले लिया है वही वन विभाग के शहडोल वन वृत के मुख्य वन संरक्षक एलए उईके, वन मंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पेन्द्रे बीच बीच में हाथी विचरण क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेते हुए शासन को स्थिति से अवगत कराते हुए उपाय निकाले जाने का आग्रह कर रहे हैं।

# सरपंचों का अधिकार छीनने पर संघ 23 को करेगा सीएम हाउस का घेराव



**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी सभागार मे सरपंच संघ जनपद पंचायत जैतहरी बैठक किया गया जिसमें उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अशोक बघेल, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष अनूपपुर अनिल रौतेल, सरपंच संघ पुष्पराजगढ़ अध्यक्ष हीरा सिंह, जनपद पंचायत जैतहरी सरपंच संघ अध्यक्ष संजय कोल, लहरू सिंह सरपंच कैल्हौरी, देवांशु सिंह सरपंच संघ उपाध्यक्ष, बिसाहू लाल रौतेल सरपंच ग्राम पंचायत बरबसपुर, जनपद के सभी सरपंचगण, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1 जुलाई को जो मनरेगा के तहत आदेश जारी किया है उसके विरोध में एवं सरपंचों का अधिकार मध्यप्रदेश शासन खत्म किया जा रहा है इसके विरोध में यह बैठक रखा गया है। 23 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास का घेराव पूरा मध्यप्रदेश के सभी सरपंचों के द्वारा किया जाएगा कर अपना मांग रखें इस संबंध में बैठक रखा गया जिसमे अनूपपुर जिले से सभी सरपंच भोपाल जाएंगे।

# मुंडा सचिव की मनमानी से परेशान ग्रामीण

***सीएम हेल्पलाइन में दर्ज हुई शिकायत***

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडा में पदस्थ सचिव निधि सिंह के विरुद्ध सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत मुन्ना लाल भैना द्वारा 10 जुलाई को दर्ज शिकायत क्रमांक 27934338 एवं मनमोहन सिंह राठौर की शिकायत क्रमांक 27934880 दर्ज कराया गया है वही रामचरण राठौर द्वारा 12 जुलाई को शिकायत क्रमांक 27955268 दर्ज कराया गया ह। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि लगभग 1 वर्ष पूर्व सेग्रीगेशन का काम चालू हुआ था जिसकी मजदूरी आज तक नहीं मिली है जिसको पूछने पर सचिव निधि सिंह द्वारा संतुष्टि जनक नहीं बताया जाता कि मजदूरी का भुगतान कब होगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मुंडा में अनेको कार्य किए गए हैं उनका भी मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ और न ही मजदूरों का मजदूरी भुगतान हुआ है। इसके पूर्व में कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी द्वारा 28/05/2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जिसमे लेख किया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैतहरी द्वारा 11/05/2024 को मुंडा भ्रमण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने ग्रामीणों व कृषकों का ईकेवाईसी तथा खाद्यान्न पात्रता पर्ची, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, समग्र आईडी नाम जोड़ना, अलग करना शिकायत प्राप्त हुई जिसके कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है इसके पूर्व ग्राम पंचायत मुंडा के सरपंच सरस्वती सिंह मरावी के द्वारा सचिन निधि सिंह की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैतहरी 18/03/2024 को किया गया था जिसमें बताया गया था कि ग्राम पंचायत मुंडा सचिन निधि सिंह के लापरवाही से पंचायत में विकास कार्य शून्य है। कभी भी ग्राम पंचायत में समय पर नहीं आती है जिस दिन आ भी गई तो वह सिग्नेचर करके निकल जाती है जिससे आये दिन ग्रामीणों को सचिव का इंतजार करना पड़ता है कि वह किस दिन पंचायत भवन में आती है कि नहीं। इसी तरह जितने भी कार्य हुए हैं उसका आज तक मजदूरों को कई वर्ष बीत गए पर मजदूरी नहीं मिली। ग्रामीणों को सचिव निधि सिंह द्वारा केवल गुमराह किया जाता है अगर उससे फोन पर संपर्क किया जाए तो फोन भी रिसीव नहीं करती है।



कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी

आदेश

[illegible]

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से घायल व्यक्ति की हुई मौत

**नरसिंहपुर।** रायसेन जिले के देवरी थाना अंतर्गत बरखंडा निवासी राजेश पिता रघुवीर उम्र 42 वर्ष राशन लेने के लिए तेन्दूखेड़ा जा रहा था उसी दौरान उसे जमुनिया पेट्रोल पम्प के पास बाइक चालक ने टक्कर मार दी और वह घायल हो गया वहीं ग्रामीण ने परिजनों को फोन पर एक्सीडेंट की सूचना दी और परिजन 108 एम्बुलेंस से नरसिंहपुर जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया वही अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

### रेलवे ट्रेक पर मिला शव पुलिस जांच में जुटी

**नरसिंहपुर।** स्टेशनगंज थाना अंतर्गत सींगरी नदी रेलवे पुल के पास रेलवे ट्रेक पर मृत अवस्था में मिला। शव स्टेशनगंज पुलिस को सूचना मिलने पर एस आई विजय द्विवेदी मौके पर पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग प्रकरण कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। वहीं मृतक के पास पहचान का ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान की जा सके वहीं पुलिस ने जिले के संबंधित थानों में और सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना दे दी गई है शव की पहचान होने के बाद परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

### स्थानीय परिवाद समिति के लिए आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण एवं प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 एवं नियम 1013 के क्रियान्वयन के तहत स्थानीय परिवाद समिति का गठन किया जाना है। समिति के लिए अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। स्थानीय परिवाद समिति के अध्यक्ष‍ सदस्यों की नियुक्ति 3 वर्ष की अवधि के लिए होगी।

### चैधरी दर्शन सिंह आज कार्यकर्ताओं से मुलाकात करगे

नरसिंहपुर। सांसद चै.दर्शन सिंह आज दिनांक 18 जुलाई 2024 दिन गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में दोपहर 1:00 से दोपहर 3:00 बजे तक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनों से मुलाकात हेतु उपस्थित रहेंगे।

### जिले में अब तक 205.4 मिमी वर्षा दर्ज

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले में एक जून से 16 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 205.4 मिमी अर्थात 8.09 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 16 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 17.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 17 मिमी, गाडरवारा में 21 मिमी, गोटेगांव में 21 मिमी, करेली में 24 मिमी और तेंदूखेड़ा में 4 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 179 मिमी, गाडरवारा में 256 मिमी, गोटेगांव में 252 मिमी, करेली में 132 और तेन्दूखेड़ा में 208 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 494 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 540 मिमी, गाडरवारा में 498 मिमी, गोटेगांव में 375 मिमी, करेली में 579 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 487 मिमी वर्षा हुई थी।

### नगर में निकला ताजिया-अखाड़ों का जुलूस

# पारंपरिक रूप से मनाया मोहर्रम का पर्व



**नरसिंहपुर।** बुधवार को जिले में मोहर्रम का पर्व मनाया गया। इसे लेकर शहर के विशेष साज-सज्जा की गई थी गई स्थानों पर तो ताजियों की झांकी भी सजाई गई। जिले में मुस्लिम समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातमी जुलूस निकाला गया। मुहर्रम के लिए मुहल्ले की कमेटियां भी सक्रिय दिखाई दीं। बुधवार को मुहर्रम की दसवीं तारीख थी इस दिन जिलेभर में विभिन्न स्थानों से ताजियों का जुलूस निकाला गया। इधर नौवीं मुहर्रम को लेकर कुछ रोजेदारों ने रोजा भी रखा। नौवीं को ही मुहल्लों में स्थित चैकों पर ताजिया रखा जाता है, जो दसवीं के जुलूस के साथ कर्बला पहुंचा कर वहीं दफन कर दिया जाता है। बुधवार की रात विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा जुलूस के दौरान हैरतअंगेज करतब भी दिखाये गए जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रही।

### करबला में सुरक्षा को लेकर किये गये थे विशेष इंतजाम

मुहर्रम की दसवीं तारीख को नरसिंहपुर मुख्य करबला में लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी। यहां सभी अखाड़ों के लोग पहुंचते हैं भीड़ में परेशानी न हो इसे लेकर कर्बला कमेटी ने विशेष इंतजाम किये थे। अखाड़ा दल, ताजिया जुलूस में शामिल लोगों के लिए शीतल जल, शरबत की व्यवस्था की गयी थी। कई जगहों पर तो लंगर का आयोजन भी किया गया।

### कलेक्टर एवं एसपी ने मोहर्रम पर लिया जायजा

जिले में मोहर्रम का पर्व को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने तेंदूखेड़ा व गाडरवारा तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारीद्वय ने गाडरवारा, तेंदूखेड़ा व चीचली में ताजिया स्थल पर कमेटियों द्वारा मोहर्रम पर्व की चल रही तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर व एसपी ने मोहर्रम पर्व पर जुलूस, भीड़ वाले क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने गाडरवारा में नगर पालिका से श्याम टॉकीज तक पैदल मार्च भी निकाला। इस दौरान संबंधित एसडीएम और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



## फरार अपराधियों की सूचना देने पर किया जाएगा पुरस्कृत

**नरसिंहपुर।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि थाना करेली के अंतर्गत रेवानगर निवासी आरोपी भैयाराम पाली एवं अन्य आरोपियन 30 जून 2024 से घटना घटित कर लगातार फरार है। इनके विरूद्ध थाना करेली के अपराध क्रमांक 592‍ 24 की धारा 363, 366, 372, 376 (2), 376 (3), भादवि पास्को एक्ट के मामले में फरार है। उक्त पराध में फरार आरोपी भैयाराम पाली निवासी रेवानगर एवं अन्य आरोपियन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने पुलिस रेग्यूलेशन की कंडिका के प्रावधानों के अंतर्गत जो कोई व्यक्ति इसकी सूचना देगा या फरार आरोपी को गिरफ्तार करवाने में विधि संगत आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तारी करेगा उसे उद्घोषित राशि 5 हजार रुपये की से पुरस्कृत किया जायेगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर का होगा। इस संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07792- 232163 और पुलिस थाना करेली का दूरभाष नम्बर 07793- 270323 है। इसी तरह थाना गोटेगांव के अपराध क्रमांक 406‍ 24 धारा 380, 34 भादवि के मामले में फरार आरोपी हैदर अली पिता अनवर अली उम्र 37 वर्ष निवासी सिया मस्जिद के पास अमन कॉलोनी भोपाल थाना निशादपुरा भोपाल घटना घटित कर 12 मई 2024 से लगातार फरार है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किया गया परंतु अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी। उक्त अपराध में फरार आरोपी हैदर अली पिता अनवर अली की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर अमित कुमार ने पुलिस रेग्यूलेशन की कंडिका के प्रावधानों के अंतर्गत जो कोई व्यक्ति इसकी सूचना देगा या फरार आरोपी को गिरफ्तार करवाने में विधि संगत आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तारी करेगा उसे उद्घोषित राशि 5 हजार रुपये से पुरस्कृत किया जावेगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर का होगा।

## कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर शंकराचार्य जी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन दिया

**करेली।** जिला महिला कांग्रेस नगर कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस करेली के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परम पूज्य गुरुदेव शंकराचार्य जी के ऊपर करेली निवासी अजय अग्रवाल द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में नगर निरीक्षक पुलिस थाना के द्वारा पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम ज्ञापन देते हुये सक्त कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने प्रीति मिश्रा जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक अध्यक्ष करेली राम रतन पटैल नगर अध्यक्ष राहुल उपाध्याय राजेन्द्र श्रीवास्तव प्रदीप शर्मा प्रहलाद पाठक अमित भाटिया आदर्श कोहली प्रदीप शर्मा राहुल ठाकुर मनीष कौरव अमन श्रीवास्तव रितेश यादव दीपक कौरव राजन श्रीवास्तव गोपाल दास मरेले मनीष कौरव सीमा पाठक पूजा जाटव कविता वर्मा परवीन खान देवांष श्रीवास्तव जुनैद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पीएमश्री विद्यालय में छात्र छात्राओं को प्रायोगिक गतिविधि का मिला लाभ

**नरसिंहपुर।** शैक्षणिक स्कूल प्रयोगशालाओं में विद्यार्थी सक्रिय शिक्षार्थी होते हैं, न कि केवल ज्ञान के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता। प्रयोगशालाएँ छात्रों को सीखने और प्रयोग करने के विभिन्न अवसर प्रदान करती हैं, जो किसी भी शैक्षणिक स्तर पर छात्रों के चल रहे बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



पी.एम.श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकबेल में छात्र छात्राओं को प्रायोगिक गतिविधि के दौरान प्राचार्य रघुवीर सिंह लोधी द्वारा विज्ञान शिक्षा में छात्रों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए विज्ञान प्रयोगशालाएँ महत्व को बताया की यह व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं जो सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटते हैं, जिससे छात्रों को कक्षा में सीखी गई अवधारणाओं को लागू करने की अनुमति मिलती है। कक्षा - 10 वीं के छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान विषय के अंतर्गत बच्चों को अम्ल व क्षार के गुणों का अध्ययन लिटमस पत्र जिंक धातु व सोडियम बाई कार्बोनेट से अम्ल व क्षार की क्रिया विज्ञान शिक्षक श्रीमती अंजना गुप्ता, सहायक पवन पटेल, क्षमा पटेल द्वारा कर बताई गई। बच्चों ने देखा कि एच सी एल अम्ल नीले लिटमस पत्र को लाल कर देता है तथा लाल लिटमस पत्र पर अम्ल का कोई प्रभाव नहीं पड़ता । एनएओएच क्षार लाल लिटमस पत्र को नीला कर देता है तथा नीले लिटमस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसी प्रकार अम्ल व क्षार की जब जिंक धातु से क्रिया कराई जाती है तो हाइड्रोजन गैस निकलती है तथा सोडियम बाइकार्बोनेट की क्रिया से कार्बन डाइऑक्साइड गैस निकलती है जो छूने के पानी में प्रवाहित करने पर चूने के पानी को दूधिया कर देती है।

## बच्चों को बांटी गई अध्ययन सामग्री



**नरसिंहपुर।** गत दिवस नए सत्र की शुरुआत के साथ ही बच्चे नई उमंग से स्कूल जाने लगे हैं। इस अवसर पर नारी कल्याण संगठन की सदस्यों ने तलापार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के तीसरी, चैथी और पांचवी कक्षा के बच्चों को कापी, पेन और बिस्किट वितरित कर उनको नई कक्षा के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमति प्रतिमा तिवारी, सचिव श्रीमति ज्योति चैहान, उप सचिव श्रीमति साधना जैसवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमति मनीषा ताम्रकार, श्रीमति अरुणा दुबे, श्रीमति सुमन शर्मा, श्रीमति हरजीत राजपूत, श्रीमति स्वाति जैसवाल और श्रीमति सरिता गुमांस्ता उपस्थित थीं।

## नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू नहीं बदली व्यवस्थायें

### जर्जर भवनों का नहीं हुआ कायाकल्प

**तेंदूखेड़ा।** कहा जाता है जहां की शिक्षा व्यवस्था जितनी ज्यादा सुदृढ़ हुआ करती है वहां का विकास उतना ही ज्यादा हुआ करता है और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के द्वार खुल जाते हैं। लेकिन तेंदूखेड़ा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में हो रही लगातार हो रही उपेक्षा के चलते छात्रों को शासकीय स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षा नहीं मिल पा रही है साथ ही यहां के छात्र बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर बनें हुए हैं।

### नहीं खुला सी एम राइज

तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में एक ही छत के नीचे पहली से बारहवीं तक की शिक्षा को लेकर शासन की योजना अनुसार यहां पर सी एम राइज स्कूल खोले जाने की घोषणा की गई थी। लेकिन यह विद्यालय आज तक शुरू नहीं हो सका है। विगत दिनों इस विद्यालय को लेकर कन्या उच्चतर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य को भूमि आवंटन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जिसके भूमि संबंधी कार्यवाही भी अग्रेषित की जा चुकी है।इस वर्ष भी इस विद्यालय को लेकर अभी तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है यह प्रकिया अगले सत्र से शुरू हो सकेगी ऐसी जानकारी सूत्रों से मिली है।

### जर्जर विद्यालय का नहीं हुआ उद्धार

उपेक्षा का एक और उदाहरण यह है कि तेंदूखेड़ा का सबसे पुराना हाईस्कूल जहां से हर वर्ग के छात्रों ने शिक्षा ग्रहण कर हर क्षेत्र में



ऊंचाई पाई आज उसी विद्यालय के जर्जर होने और एक भाग गिर जाने के बाबजूद, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा मौके का मुआयना कर प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बजट की पेशकश की गई लेकिन जीणोद्धार को लेकर आज तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हो सकी है।बीच का भाग जहां तहां से खिसलकर जमीं दोज हो गया है। वहीं इस खंडहर भवन में जहरीले जीव-जंतु ठहरने लगें हैं।शेष भवन में छात्रों को बैठने में परेशानी हो रही है।बीच वाले भाग को अलग कर एक नया भवन बनाने की महती आवश्यकता है।

### कृषि-कामर्श विषय बढ़ाये जाये

तेंदूखेड़ा एक कृषि प्रधान क्षेत्र है अधिकांश वर्ग यहां पर कृषि पर आश्रित है लेकिन कृषि से संबंधित विषयों की पढ़ाई व्यवस्था यहां के स्कूलों में नहीं है मुख्य रूप से कृषकों का कहना है कि यहां के सरकारी स्कूलों में कृषि आधारित संकाय प्रारंभ किये जायें जिससे युवा पीढ़ी कृषि आधारित ज्ञानार्जन कर आधुनिक पद्धति से खेती कर उन्नतशील कृषक बन सके। तथा कामर्श विषय को लेकर भी छात्रों की रूचि को देखते हुये मांग की जा रही है।

### महाविद्यालय में नहीं बढ़े संकाय

लगभग एक दशक पूर्व प्रारंभ हुये शासकीय महाविद्यालय की यह स्थिति बनी हुई है कि यहां पर एक ही कला संकाय विषय ही संचालित है। जिसमें साढ़े पांच सौ से अधिक छात्र छात्राएं अध्ययन किया करते हैं। विषय बढ़ने को लेकर उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री के तेंदूखेड़ा आगमन पर दो और तीन बार लिखित में जानकारी भी प्रस्तुत की गई। यहां तक कि क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा भी विषय बढ़ाये जाने के लिए पत्र लिखा है। एवं भोपाल प्रवास के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। यहां पर मुख्य रुप से विज्ञान गणित कामर्स संज्ञाय बढ़ाये जाने की जरूरत है।संकाय ना बढ़ने से यहां के छात्रों को अन्य स्थानों पर बाहर जाना पड़ता है। साथ ही भवन में भी संकीर्णता का माहौल बना हुआ है। जिसमें एक साथ छात्रों को बैठने में भी परेशानी हुआ करती है। यहां पर एक विषय और काफी महत्वपूर्ण है कि महाविद्यालय में नियमित प्राचार्य प्राध्यापक ना होने की स्थिति में अतिथि विद्वानों तथा आउटसोर्स कर्मचारियों से काम चलाना पड़ रहा है। नियमित प्राचार्य प्राध्यापक आने से महाविद्यालय की स्थिति में सुधार होगा ऐसा माना जा रहा है।

### एक किलोमीटर दूर से पैदल आते हैं छात्र छात्राएं

एक तरफ जहां शासन द्वारा एक्सीलेंस महाविद्यालयों के माध्यम से उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ तेंदूखेड़ा में नगर के बाहर स्थित शासकीय महाविद्यालय में आने जाने के लिए पैदल एक किमी का सफर तय करना पड़ता है। यहां पर भी शासन की योजना के अनुसार एक रुपए में कालेज जाने की सुविधा मुहैया कराये जाने की महती आवश्यकता है।

### जर्जर भवन मे लग रही आंगनबाड़ी

तेंदूखेड़ा सैक्टर मे 6 आंगनवाड़ी केंद्र आते है। इनमें तीन स्वयं के भवन है तथा तीन किराये के भवन मे लग रहे है। स्वयं के भवनों की स्थिति काफी गंभीर है। वार्ड क्रं 09 की आंगनवाड़ी मे उपर की छाप का पलस्टर नीचे गिरने के कारण राडे दिखने लगनी है। पलस्टर नीचे गिरने के कारण अनहोनी की अंदेशा बना रहता है। इसी छत के नीचे नौनिहाल बैठा करते है। यही स्थिति वार्ड क्रं 05 की आंगनवाड़ी की बनी हुई है जहां तहां से दरवाजे टूटने के कारण शराबियों द्वारा खाली शिशियां डालकर चले जाते हैं। नगर को लगभग सभी वार्डो मे नईं आंगनवाड़ियों की आवशयकता है। पूर्व मे प्रस्ताव भी गये है लेकिन आज तक इस दिशा मे उचित निराकरण नहीं हो सका है।

## अंडर ब्रिज में पानी भर जाने के कारण वाहन चालक भारी परेशान



**करेली।** बरसात के मौसम में वर्षा को देखते हुए करेली नगर पालिका के द्वारा कोई ध्यान नहीं देने के कारण मंगलवार को कम वर्षा होने के दौरान करेली रेलवे फाटक के पास बने हुए अंडर ब्रिज में पानी भर जाने के कारण यहां से निकलने वाले चार पहिया वाहन दो पहिया वाहन वाले को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । पूर्व में डीएम महोदय को अवगत कराया गया कि बरसात को देखते हुए शहर में साफ सफाई हो और पानी की समुचित व्यवस्था हो फिर भी नगर पालिका करेली के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले के द्वारा कोई विचार नहीं किया गया।

## विश्व जनसंख्या स्थिरता माह की समन्वय बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विश्व जनसंख्या स्थिरता माह की अंतर विभागीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व जनसंख्या स्थिरता माह के आयोजन का पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेंशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 11 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक पात्र हितग्राहियों को चयनित कर उनकी पसंद के अनुसार परिवार नियोजन के साधनों की उपलब्धता के अनुसार महिला एवं पुरूष नसंबदी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पूर्व में ठंड के मौसम किये जाते थे लेकिन अब यह महिला एवं पुरूष नसंबदी आपरेशन पूरे वर्ष किये जा रहे हैं। स्थाई एंव अस्थाई साधनों का उपयोग किये जाने के लिए हितग्राहियों को सेवा प्रदाय की जा रही है। परिवार नियोजन के विभिन्‍न साधनों के साथ- साथ 10 वर्ष की कापरटी, 5 वर्ष की कापरटी, एमरजेंसी पिल्स, कापरटी, अंतरा, छाया साप्ताहिक गर्भ निरोधक गोलियो की जानकारी दी। हितग्राही निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में निरूशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूकता पैदा करना है। विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान इस वर्ष का नारा है।